दैनिक जागरण

बरेली, रविवार
1 अप्रैल 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 24+4 =28

www.jagran.com

उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

PAGE NO. 08 : MIDDLE LEFT

एसआरएमएस में हुए कार्यक्रम में त्वचा रोग के उपचार पर मंथन

जासं, बरेली : एसआरएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में में शनिवार को सीएमई, डर्मा सायकेट्री कांक्लेव हुआ। इसमें इंस्टीट्यूट के चर्म रोग, मानसिक रोग विभाग और रुहेलखंड डर्माटोलॉजिकल सोसायटी, इंडियन सायकेट्री सोसायटी का सहयोग रहा। कार्यक्रम में सौ प्रतिनिधियों व शोध छात्रों ने भाग लिया। त्वचा रोग का नई तकनीक से इलाज करने पर चर्चा हुई। संस्थान के प्रशासनिक निदेशक आदित्य मूर्ति, प्राचार्य डॉ. एसबी गुप्ता, आयोजक चेयरपर्सन डॉ. पीके परडल, डॉ. प्रतीक गहलोत, डॉ. मधुर कांत रस्तोगी आदि मौजूद रहे। अध्यक्ष डॉ. वीके चावला ने की। चार सत्रों में कार्यशाला हुई। डॉ. सर्वेश चंद्रा, डॉ. डी भट्टाचार्य, डॉ. सीएस शर्मा ने त्वचा रोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. सुनील गुप्ता, डॉ. सुजाता सिंह ने साइको सैक्सुअल डिसऑर्डर प्रबंधन विषय पर व्याख्यान दिया। इस दौरान डॉ. नितिन मिश्रा, डॉ. शिखा अग्रवाल, डॉ. अभिलाषा गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक बिग्रेडियर डॉ. एसके हांडा, डॉ. ललित सिंह, डॉ. राहुल गोयल आदि मौजूद रहे।